हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 19 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 न्यायाधीशों ने न्यायालय परिसर में रोपे अनेक ...



07 पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को 'समाज रत्न' ...



खबर संक्षेप

संत रविदास जयंती पर प्रदेशभर में होंगे कार्यक्रम

विदिशा। संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती पर मध्यप्रदेश में 'श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा' आयोजित की जाएगी। अभियान के माध्यम से संत रविदास के समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। 20 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर कलश वंदन एवं सम्मान समारोह होगा। इसके बाद 20 अगस्त से 10 सितंबर तक कलश रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

ग्यारसपुर के 2 सेक्टरों में 21 को शिविर लगेंगे

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 21 अगस्त को ग्यारसपुर जनपद पंचायत के ग्यारसपुर एवं अटारीखेजड़ा सेक्टर की ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। ग्यारसपुर सेक्टर में 12 तथा अटारीखेजड़ा सेक्टर में 13 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। ग्यारसपुर के नोडल अधिकारी अवध बिहारी खरे और अटारी खेजड़ा के नोडल अधिकारी श्यामलाल सोलंकी नियुक्त किए गए हैं।

लाड़ली बहनों को 1500 रु. की राशि के साथ रक्षाबंधन पर 250 रुपए

विदिशा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र लाभार्थी महिलाओं को अगस्त माह की 1,500 रुपए की मासिक आर्थिक सहायता के साथ रक्षाबंधन के अवसर पर 250 रुपए की विशेष सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 अगस्त को मैहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की पात्र महिलाओं के खातों में राशि अंतरित करेंगे। इस तरह प्रत्येक पात्र लाभार्थी महिला के खाते में कुल 1,750 रुपए दिए जाएंगे।

नवांकुर सखियों ने लिया हरियाली का संकल्प



नटेरन। मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड नटेरन द्वारा जिगारिया सहयोग समिति के माध्यम से फूफेर सेक्टर स्थित शिव मंदिर परिसर में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने नवांकुर सखियों को पौधे वितरित किए। इसके बाद ग्राम में हरियाली यात्रा निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विकासखंड समन्वयक भीकम सिंह दांगी ने पौधे लगाने और उनकी रक्षा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जितेंद्र कुशवाह, वीर बहादुर सिंह, राधेश्याम दांगी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

शमशाबाद। कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मूंग उपार्जन केंद्र, डबल लॉक उर्वरक केंद्र, भगवानपुर स्थित कस्टम हायरिंग सेंटर और सोयाबीन फसल क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। मूंग उपार्जन केंद्र पर उपार्जन प्रक्रिया, गुणवत्ता और किसानों की सुविधाओं की समीक्षा कर सुचारू व्यवस्था के निर्देश दिए। डबल लॉक केंद्र पर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था देखी गई। कस्टम हायरिंग सेंटर में आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने किसानों को समय पर कृषि सामग्री, सुविधाएं और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

घर से ज्यादा देर के लिए गायब रहें बच्चे तो फोन लगाकर जरूर लें जानकारी

30 फीट ऊंचे पुल से कूदी छात्रा, डूबते देख सेल्समैन ने उफनती नदी में छलांग लगाई

जिलेभर में नदी, नाले और तालाब लबालब हैं। ऐसे में पानी में डूबने की घटनाएं घटित होने की आशंका बनी रहती है। यदि बच्चे घर से अधिक देर के लिए गायब रहते हैं तो उनसे तुरंत संपर्क करने का प्रयास करें। बच्चों को समझाएं की वह नदी नाले और तालाबें के आसपास न जाएं। खासकर ग्रामीणों को इस बात का ध्यान रखना होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मंगलवार सुबह 30 फीट ऊंचे बेतवा बायपास पुल से 11वीं कक्षा की छात्रा ने उफनती नदी में छलांग लगा दी। छात्रा को डूबता देख निजी कंपनी में सेल्समेन विनोद पटेरिया ने नदी में छलांग लगा दी। उन्होंने करीब 150 मीटर तैरकर छात्रा को पकड़ा और किनारे तक लेकर आए। नदी से बाहर निकालने के बाद छात्रा सांस नहीं ले पा रही थी।

मौके पर मौजूद युवाओं ने उसकी हालत संभालने और शरीर से पानी निकालने का प्रयास किया। इसके बाद उसे पुल के पास बने मंदिर ले जाया गया, जहां सीपीआर देकर जान बचाई। रायसेन निवासी विनोद पटेरिया ने बताया कि मंगलवार सुबह वह बाइक से विदिशा की ओर जा रहे थे। पड़रिया सोठिया के बेतवा बायपास पुल के पास कुछ देर रुके। इसी दौरान उनकी नजर पुल पर खड़ी एक लड़की पर पड़ी। छात्रा की स्कूटी भी पास में खड़ी थी। पटेरिया ने छात्रा से पूछा कि वह यहां क्यों खड़ी है, लेकिन उसने जवाब नहीं दिया। उन्होंने दोबारा उससे बात करने का प्रयास किया। इसी दौरान छात्रा अचानक पुल पर चढ़ी और नदी में छलांग लगा दी।



विदिशा। छात्रा को पानी से निकालता सेल्समैन।

तैरकर बाहर निकाला

नदी में छात्रा को डूबते देखकर विनोद ने पानी में छलांग लगा दी। तैरकर छात्रा के पास पहुंचे। उन्होंने छात्रा को पकड़ा और किनारे तक लेकर आए। दोनों युवकों ने भी छात्रा को पानी से बाहर निकालने में मदद की। बाहर निकालने के बाद छात्रा की हालत बेहद गंभीर थी। वह सांस नहीं ले पा रही थी। इस दौरान मौके पर मौजूद युवाओं ने उसकी हालत संभालने का प्रयास किया। छात्रा को पास में बने मंदिर ले जाया गया। छात्रा के कंधे पर स्कूल बैग था। युवाओं ने बैग खोलकर रजिस्टर देखा। उसमें छात्रा का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज था। युवाओं ने उस नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद एक युवक मौके पर पहुंचा। इसके बाद छात्रा को एंबुलेंस से विदिशा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज कराया गया। बच्ची की हालत अभी ठीक है।

मांगी मदद, कोई नहीं रुका

छात्रा को नदी में गिरते देख विनोद पटेरिया ने पुल से गुजर रहे कई वाहन चालकों को रोककर मदद मांगी। उन्होंने बताया कि एक लड़की नदी में कूद गई है और उसे बचाने के लिए मदद चाहिए, लेकिन उनके मुताबिक कोई वाहन चालक नहीं रुका। इसके बाद विनोद पुल के नीचे नदी की ओर दौड़े। रास्ते में मिले दो युवकों को उन्होंने बताया कि एक लड़की पुल से नदी में कूद गई है और उसे बचाना है। दोनों युवक उनके साथ नदी की ओर चले गए।

लूट के मामले में एसपी से मिले सर्राफा व्यापारी

विदिशा। सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एसपी रोहित काशवानी से मिलकर गत दिनों पिपलधार के पास हुई संजय सोनी एवं उनके बेटे के साथ हुई लूट की घटना के संबंध में चर्चा की। एसपी ने आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा करेगी। इस दौरान सर्राफा कारोबारियों के बंदूक लाइसेंस की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। एसपी ने सभी दुकानदारों से अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की, जो कम से कम 50 से 60 मीटर तक का क्षेत्र कवर कर सके। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष संजय चौधरी, महामंत्री राजेश सोनी खुबाल, रमेश स्वर्णकार, रूपेश गर्ग और रोहित अग्रवाल शामिल रहे।

तुलसी जयंती सप्ताह में होंगी कई प्रतियोगिताएं

विदिशा। पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जयंती सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिए तुलसीकृत रचनाओं, रामचरितमानस के प्रसंगों, दोहा, चौपाई एवं छंद आदि पर आधारित प्रतियोगिताएं होंगी। शुभारंभ 19 अगस्त को सुबह 8 बजे सरस्वती शिशु मंदिर, तलैया में सस्वर गायन-पाठ प्रतियोगिता से होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को तीन मिनट मिलेंगे। दोपहर 2 बजे मानस शिशु मंदिर में तुलसीकृत रचनाओं पर आधारित अंत्याक्षरी होगी। इसमें बृजकिशोर गोयल की उपस्थिति रहेगी। सभी कार्यक्रमों के पूर्व प्रश्नमंच होगा। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

थानों में नहीं हो रही सुनवाई एसपी तक पहुंच रहे मामले

40 से अधिक आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश



विदिशा। जनसुनवाई में आए आवेदकों की शिकायतें सुनते हुए एसपी काशवानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसपी रोहित काशवानी ने मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत लेकर आए लोगों की फरियाद सुनी। 40 से अधिक आवेदन आए। थानों में सुनवाई न होने के कारण आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है।

जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, साइबर संबंधी शिकायतें, मारपीट सहित विभिन्न पुलिस संबंधी मामलों से जुड़े आवेदन सामने आए। जिन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई संभव थी, उनमें संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश एसपी रोहित काशवानी ने दिए गए। वहीं जांच की आवश्यकता वाले मामलों को संबंधित थाना एवं शाखा प्रभारियों को सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

शिकायतों की रोज समीक्षा के निर्देश

एसपी श्री काशवानी ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनी जाए। शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक आवेदन पर की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि आमजन को समय पर उचित समाधान मिल सके। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई पुलिस और आमजन के बीच विश्वास मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रत्येक नागरिक को अपनी समस्या रखने के लिए सहज वातावरण मिले और उसकी शिकायत पर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई हो, यह पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विदिशा पुलिस आमजन की सुरक्षा, सेवा और विश्वास को केंद्र में रखते हुए संवेदनशील, जवाबदेह एवं जनहितैषी पुलिसिंग के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

जनसुनवाई में 166 आवेदन में से 89 को मौके पर हल किए अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिलेभर से आए आवेदकों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले। शमशाबाद तहसील के ग्राम मोही की चंदा सेन ने पुत्री राशि के आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार की समस्या बताई।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही सुधार कराने के निर्देश दिए। ग्राम चक्र कुरवाई के वृंदावन अहिरवार ने संबल योजना की राशि दिलाने की मांग रखी। विदिशा के टीलाखेड़ी निवासी गोपाल महावर ने पीएम आवास की दूसरी किस्त तथा वार्ड-32 की भूरीबाई ने योजना का लाभ दिलाने का आवेदन दिया। दोनों मामलों में नगर पालिका सीएमओ को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में सड़क निर्माण के मुआवजे, वृद्धावस्था पेंशन, भूमि संबंधी मामलों और ग्राम करैया में गिट्टी क्रेशर लगाए जाने की आपत्ति सहित अन्य आवेदन भी प्राप्त हुए। कुल 166 आवेदनों में से 89 का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों में समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



विदिशा। आवेदकों की समस्याएं सुनते कलेक्टर।

युवा संगम में विदिशा प्रदेश में प्रथम आया कलेक्टर अंशुल गुप्ता को मिला प्रशंसा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

युवाओं को रोजगार, अप्रेंटिसशिप और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में विदिशा जिले के प्रयासों को प्रदेश में सराहना मिली है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत जुलाई 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने पर विदिशा जिले को मप्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर रोजगार संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा कलेक्टर अंशुल गुप्ता को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। रोजगार संचालनालय द्वारा 2 अगस्त को जारी प्रशंसा पत्र में बताया गया कि जिले में युवा संगम के अंतर्गत रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला तथा आकांक्षी युवाओं के लिए स्वरोजगार संबंधी गतिविधियों का आयोजन हुआ। इन प्रयासों के बेहतर क्रियान्वयन के कारण विदिशा को प्रदेश में प्रथम रैंक मिली।



कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नेतृत्व की सराहना

रोजगार आयुक्त मप्र गिरीश शर्मा ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों को प्रशंसनीय बताया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को उनकी योग्यता और रुचि के अनुरूप रोजगार के अवसरों से जोड़ने, कंपनियों एवं संस्थानों से अप्रेंटिसशिप के लिए संपर्क कराने तथा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया। जिला प्रशासन, रोजगार विभाग और संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से यह उपलब्धि हासिल हुई। प्रदेश में प्रथम स्थान जिले की रोजगारपरक गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन को रेखांकित करता है।

कबड्डी में बासौदा व नटेरन की टीमों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्टेडियम में जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के 7 ब्लॉकों से आए 254 खिलाड़ियों ने कौशल दिखाया, जिसमें गंजबासौदा और नटेरन की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। अंडर-14 वर्ग में बासौदा की टीम ने नटेरन को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में नटेरन के खिलाड़ियों ने बासौदा को मात देकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-19 के बेहद रोमांचक और कड़े खिताबी मुकाबले में बासौदा ने विदिशा की टीम को पछाड़कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी जेएस ठाकुर ने बताया कि बालक वर्ग के मुकाबले संपन्न हो चुके हैं। इन मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत रघुवंशी, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी अंबेश सोनी, माध्यमिक खेल शिक्षक पंकज भार्गव, शशांक शर्मा, निशंक जैन और मनीष अहिरवार आदि मौजूद रहे।



विदिशा। टीम को जिताने का प्रयास करते खिलाड़ी।

दुर्गादास राठौर जयंती पर निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा राष्ट्रीय वीर श्री दुर्गादास राठौर की 388वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत रविंद्रनाथ टैगोर परिसर स्थित वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के पूजन, माल्यार्पण एवं ध्वज वंदन से हुई।

इसके बाद श्री राम जानकी मंदिर, बजरिया से भव्य चल समारोह निकाला गया, जो लोहा बाजार, कांच मंदिर सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के तारादेवी हाल पहुंचकर संपन्न हुआ। विभिन्न स्थानों पर चल समारोह का स्वागत किया गया। समापन समारोह में विधायक मुकेश टंडन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा मौजूद रहे। विधायक टंडन ने समाज को आर्थिक सहायता के लिए 2.50 लाख रुपए देने की घोषणा की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रसादी एवं भोजन भंडारे का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने समाजजनों को किया संबोधित।

समान नागरिक संहिता विधेयक का किया विरोध

विदिशा। मप्र सरकार द्वारा प्रस्तावित समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 के विरोध में जमीयत उलेमा-ए-हिंद, तहसील विदिशा की ओर से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकार प्रदान करता है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने प्रस्तावित विधेयक में शादी-विवाह, तलाक एवं विरासत जैसे व्यक्तिगत और धार्मिक मामलों को एक समान कानून के दायरे में लाने पर आपत्ति व्यक्त की तथा संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों के संरक्षण की मांग की।

विदिशा के सीआईआईटी कॉलेज को मिला बेस्ट डिजाइनर कॉलेज अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रभाकर वसलम द्वारा आयोजित रानी अहिल्याबाई होलकर स्वरोजगार फैशन मेले का आयोजन भोपाल के वृंदावन गार्डन में किया गया। इसमें सीआईआईटी कॉलेज के फैशन डिजाइन विभाग के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति और पारंपरिक वेशभूषा पर आधारित आकर्षक डिजाइनों की प्रस्तुति दी।

विद्यार्थियों ने पंजाबी, मराठी, कश्मीरी, मारवाड़ी, बंगाली, भील तथा पुराने हैंडप्रिंट्स को आधुनिक अंदाज देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में नागपुर से आईं गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में विश्व की सबसे छोटी महिला के रूप में दर्ज ज्योति आमगे मुख्य अतिथि रहीं। बॉलीवुड और मुंबई की मायानगरी से आए मॉडल व कलाकारों ने विद्यार्थियों के डिजाइनों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के सुपर डिजाइनर बताया। कॉलेज के नृत्य विभाग के प्रतिभागियों ने भी शानदार प्रस्तुति दी। आयोजक डायरेक्टर मोना सिंह ने विद्यार्थियों के मौलिक डिजाइनों की प्रशंसा करते हुए आगामी फैशन शो में आमंत्रित किया। आयोजन में सीआईआई कॉलेज को बेस्ट डिजाइनर और बेस्ट डिजाइन अवॉर्ड से सम्मानित किया। ज्योति आमगे ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार प्रदान किए।



तरावली से शमशाबाद तक गूंजे भोलेनाथ के जयकारे, 81 किलो की कांवड़ बनी आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

कंधों पर कांवड़, हाथों में भगवा तिरंगा और जुबां पर भोलेनाथ के जयकारे के साथ निकली कांवड़ यात्रा

हिन्दू उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली भव्य कावड़ यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और देशभक्ति के उत्साह के साथ निकाली गई।

हरसिद्धि माता तरावली से कावड़ियों ने जल भरकर करीब 42 किलोमीटर की यात्रा तय की और शमशाबाद पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर यात्रा का समापन किया। कावड़ यात्रा में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। कावड़िए हाथों में भगवा झंडे और तिरंगे लहराते हुए डीजे की धुन पर भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। भगवा ध्वज के साथ तिरंगे झंडों की मौजूदगी ने यात्रा में धार्मिक आस्था के साथ देशभक्ति का भी रंग भर दिया। पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पूरे 42 किलोमीटर के मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने कावड़ियों का फलाहार कराकर एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। नगर में नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने सभी कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बैरसिया में पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह, समाजसेवी रामगोपाल गुप्ता डल्लू भैया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नरेंद्र शर्मा, कांग्रेस नेत्री राजकुमारी केवट सहित अन्य लोगों ने कावड़ियों का स्वागत किया। नहरयाई सरपंच धर्मेंद्र यादव, मोहनपुरा के प्रेमसिंह धाकड़, बांके बिहारी मित्र मंडल, योग समिति सहित अनेक संगठनों और ग्रामीणों ने भी जगह-जगह स्वागत किया।

इस बार कावड़ यात्रा में युवाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। 81 किलो की कावड़ विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा श्रद्धालु 51 किलो, 31 किलो और 21 किलो की कावड़ में जल लेकर यात्रा में शामिल हुए। हिन्दू उत्सव समिति द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के आयोजन में समिति के रिंकू भार्गव, कंछेदी कुशवाह, मदन कुशवाह, गणेश खटीक, संतोष साहू, रिंकू जैन, दीपक मेहर, कुलदीप शर्मा, संजय साहू, अशोक शर्मा, दिनेश शर्मा, गोपाल साहू, लोकेंद्र राजपूत, रमेश सेन, बीरू राजपूत, महेंद्र राजपूत सहित समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।



शमशाबाद। बम बम भोले के जयकारों के साथ निकाली भव्य कांवड़ यात्रा।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6730
सरसों
न्यूनतम भाव-6600
उच्चतम भाव-7761
चना
न्यूनतम भाव-4170
उच्चतम भाव-6230
मसूर
न्यूनतम भाव-3880
उच्चतम भाव-7000
शरबती
न्यूनतम भाव-3480
उच्चतम भाव-4900
गेंहू
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-2956
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2513
उच्चतम भाव-2513
जौ
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2200
बटरी
न्यूनतम भाव-2651
उच्चतम भाव-2980
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6905
धनिया
न्यूनतम भाव-13500
उच्चतम भाव-13800
उड़द
न्यूनतम भाव-6240
उच्चतम भाव-6240

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 4496 बोरों उपज की आवक दर्ज हुई।

खबर संक्षेप

प्रतियोगिता के लिए छात्रों का दल हुआ रवाना



गंजबासौदा। मध्य प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग के अंतर्गत खेले जाने वाली विभिन्न शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत सैण्ट एसआरएस पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ी संभाग स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए भोपाल रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 18 से 20 अगस्त तक भोपाल में संपन्न होगी । राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए दल में ख्याति साहू कक्षा 8, जाह्नवी भावसार कक्षा 6, शिफा खान कक्षा 9, पलक राय कक्षा 8, अनुतिन दाँगी कक्षा 11, दीक्षा शिल्पकार कक्षा 12, सौम्या शर्मा कक्षा 12 एवं यतिन दुबे कक्षा 12 शामिल हैं। संस्था परिवार द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं उनके मार्गदर्शक कपिल गौड को हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ढेर सारी बधाइयाँ दी हैं।

सिटी पुलिस ने चार चोरों को नकबजन के मामले में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शहर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में 4 नकबजनों को गिरफ्तार करते हुए दो मोटर एवं बारदाना सहित लगभग 2.20 लाख का मशरूका बरामद किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 अगस्त को फरियादी केयूर पिता जयस शाह, निवासी मेन रोड द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि पुरानी गल्ला मंडी स्थित उनकी दुकान का रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा शटर का ताला तोड़कर दो मोटर एवं बारदाना चोरी कर लिया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर शहर थाना पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा चोरी के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं एसडीएम शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान प्राप्त भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में गोलू उर्फ मुच्छड़ रैकवार निवासी वार्ड क्रमांक 14 पंचपीर, दीपक ओझा निवासी वार्ड क्रमांक 14 इन्द्रानगर, प्रमोद विश्वकर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 14 इन्द्रानगर, रवि अहिरवार निवासी निवासी लालपठार, शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया, अरविंद पाठक, सरमन साहू, रत्नेश रोहित, अनिल यादव, अजीत सिंह, अभिषेक शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विहिप बजरंग दल की जिला बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की जिला बैठक जिला कार्यालय अशोक भवन में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं के मानसिक एवं बौद्धिक विकास तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत के प्रांत मंत्री नवल सिंह भदौरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित एवं संस्कारित कार्यकर्ताओं में निहित है। संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी ने संगठन की आचार-पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं के मानसिक एवं बौद्धिक स्तर को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। विभाग मंत्री विक्रम सिंह रघुवंशी ने अनुभवों और परिणामों के आधार पर आगामी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह बघेल ने स्थापना दिवस एवं हितचिंतक अभियान सहित विभिन्न गतिविधियों को ग्राम समिति स्तर तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, मुन्नालाल शास्त्री, सुरेंद्र राजपूत, ज्योति वर्मा, मुकेश सेन, लालचंद कुशवाह सहित जिले के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला मंत्री रवींद्र ठाकुर ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

पंचतत्व संरक्षण समिति व अभिभाषक संघ ने मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

न्यायाधीशों ने न्यायालय परिसर में रोपे अनेक औषधीय पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





मंगलवार को रजोदा रोड स्थित न्यायालय परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण व बृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यायाधीशों एवं अभिभाषक संघ के तत्वावधान में पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा यह पर्यावरण संरक्षण की पहल की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश गुप्ता, हरप्रसाद वंशकार, राकेश ठाकुर, जफर इकबाल एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इसके पश्चात परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। पंचतत्व संरक्षण समिति की ओर से उपलब्ध कराए गए पौधों में मुख्य रूप से नीम, पीपल, बेलपत्र, कदम, हरसिंगार और मधुकामिनी जैसी विभिन्न किस्मों का रोपण हुआ। न्यायालय के समस्त स्टॉफ और अभिभाषक संघ के सदस्यों ने मिलकर इन पौधों की नियमित देखभाल व संरक्षण का संकल्प लिया।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कपिल देव, पूजा गोले, साक्षी प्रसाद, स्नो मारिया के साथ-साथ पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, सचिव प्रमोद सिंह राजपूत एवं शिवदीप सचान उपस्थित रहे। साथ ही अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष डी. पी. किरार, सचिव राजेश शर्मा, पुस्तकालय सचिव अर्जुन कुर्मी, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ जैन, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश नामदेव, धर्मेंद्र रघुवंशी, नरेंद्र राजपूत तथा वरिष्ठ अभिभाषक मदन मोहन तिवारी, एलपी दुबे, अजय माथुर, वीरेंद्र सिंह राजपूत, आकाश माहेश्वरी, धर्मेंद्र सोलंकी, नजीर विक्की सोनी, अनिल जैन समेत न्यायालय परिसर का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

उदयपुर में कलश यात्रा में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश



गंजबासौदा। नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उदयपुर के सहयोग से सेक्टर उदयपुर में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं पौधों की देखभाल के प्रति जागरूक करना रहा। हरियाली यात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर, उदयपुर चौराहा से नवांकुर सखियों द्वारा कलश यात्रा के साथ किया गया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए हजारिया महादेव मंदिर, उदयपुर पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान महिलाओं में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सभी नवांकुर सखियों को पौधे वितरित किए गए तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर पौधे लगाने और वर्ष भर उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अमित शर्मा द्वारा सभी सखियों को पौधारोपण के लिए पन्नियां एवं बीज उपलब्ध कराए गए। साथ ही उन्होंने सभी को प्रेरित किया कि परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस, पुण्यतिथि अथवा किसी धार्मिक एवं सामाजिक अवसर पर उनके नाम से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे वृक्ष बनने तक उसकी जिम्मेदारी निभाएं। कार्यक्रम में विकास शर्मा, कौशलेंद्र त्रिपाठी, दीनदयाल शर्मा, सीमा शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अंजली शर्मा, अभिलाषा शर्मा सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी नवांकुर सखियों ने हजारिया महादेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके बाद महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्वक भजन-कीर्तन किए गए तथा कई नवांकुर सखियों ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उमंग और उत्साह का वातावरण बना दिया।

नगर पालिका आने के लिए बना नया 25 फीट का रास्ता



गंजबासौदा। अस्पताल मार्ग से नगर पालिका भवन तक जाने वाला रास्ता काफी संकीर्ण था। इस पर लगातार मोटर साइकिलों की आवाजाही और अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों और हितग्राहियों को नगर पालिका पहुंचने में भारी परेशानी होती थी, जाम की स्थिति भी अक्सर बन जाती थी। नागरिकों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद ने पूर्व दिशा से मानस भवन की तरफ से नगर पालिका भवन तक पहुंचने के लिए नया 25 फीट चौड़ा रास्ता बनवाया है। इस रास्ते पर एक आकर्षक प्रवेश द्वार भी बनाया जाएगा। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार यह रास्ता शीघ्र ही नागरिकों की सुविधा के लिए खोल दिया जाएगा। नए मार्ग के शुरू होने से नगर पालिका आने-जाने वाले लोगों को जाम और भीड़ से मुक्ति मिलेगी तथा आवागमन सुगम हो जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि परिषद ने अपना वादा पूरा कर शहरवासियों को बड़ी राहत दी है।

बासौदा नागरिक सहकारी बैंक की आमसभा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बासौदा नागरिक सहकारी बैंक की 43 वी वार्षिक आम सभा शहनाई गार्डन बरेठ रोड पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त सहकारिता जिला विदिशा एवं प्रशासक ध्रुव कुमार झारिया द्वारा की गई। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परवेज फजलानी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं बैंक का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बैंक की प्रगति के बारे मे बैंक सदस्यों को अवगत कराया गया। बैंक मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बताया गया कि 31.03.2026 पर बैंक की कार्यशील पूंजी 8361.75 लाख है तथा बैंक द्वारा रूपये 59.21 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। बैंक की वार्षिक आमसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपरीक्षा रिपोर्ट, वर्ष 2025-2026 के लाभ विभाजन, वितरण वर्ष 2027-28 का वार्षिक बजट एवं प्रस्तावित कार्यक्रम वर्ष 2026-27 हेतु बैंक लेखाओं के अंकेक्षण कराये जाने हेतु अंकेक्षक की नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई। आमसभा द्वारा सभी अंशधारियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 8 प्रतिशत लाभांश रूपये 2342445 रुपए देने का निर्णय लिया गया। बैंक प्रशासक द्वारा बैंक की कार्यप्रणाली, ऋण वसूली एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं आदि के सम्बंध में विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित सदस्यों को दी गई। कार्यक्रम में बैंक के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र दुबे एवं सदस्यगण घनश्याम यादव, सुरेश जैन, सुरजीत सिंह छाबडा, रामनारायण पलोड़, खिलान सिंह गुर्जर, विद्याशरण शर्मा, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, अभिषेक तिवारी, सत्यप्रकाश सेन, चरणजीत सिंह छाबडा, शिवप्रसाद श्रीवास्तव, शरद भावसार, नीरज शर्मा सहित बैंक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। बैंक लेखापाल शिरीष जालोरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

भक्तमाल कथा का हो रहा आयोजन

गंजबासौदा। जगन्नाथपुरी में नगर की भारत तीर्थम संस्था के तत्वावधान में 10 दिवसीय धार्मिक यात्रा चल रही है। इसी यात्रा के तहत समुद्र तट के समीप श्रीमद्भागवत और भक्तमाल कथा का आयोजन हो रहा है। भक्तमाल कथा के यजमान नागेंद्र ममता उपाध्याय हैं। भक्तमाल कथा नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज के सान्निध्य में हो रही है जबकि श्रीमद्भागवत कथा का वाचन आचार्य पं. केशव प्रसाद शास्त्री द्वारा किया जा रहा है।

सतरंगी लहरिया महोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बेहलोट बायपास स्थित एक निजी गार्डन में दो दिवसीय सतरंगी लहरिया उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विशेषता यह थी कि यह सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण था। यह उत्सव सर्व समाज की महिलाओं ने मिलकर मनाया। जिसमें महिलाओ ने कई तरह के स्टॉल लगाकर मेले का रूप दिया, कई तरह की प्रतियोगिता हुई, जिसमें पहले दिन 15 अगस्त की थीम में मंजू राजपूत विनर रही, अगले दिन 16 अगस्त की प्रतियोगिता 16 सिंगार में योगिता राजपूत प्रथम, शक्ति परमार दूसरे और मंजू राजपूत तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में डॉक्टर ममता भण्डारी, तृप्ति अग्रवाल, कीर्ति जैन थी। पहले दिन के विनर को गिफ्ट ऋतु यादव की ओर से प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनीता सिंह, प्रभा राजपूत, जोगेश्वरी खन्ना, मंजू राजपूत, शक्ति परमार, अंजू यादव, अनुराधा परमार, अंजिली भदौरिया, प्रिया सोलंकी, योगिता राजपूत, सुनीता दुबे, मालती पाल,गुंजन अग्रवाल, आरती गर्ग, सपना नेमा आदि उपस्थित रही। दोनों दिवस के कार्यक्रम का सफल संचालन समाज सेविका रंजीता सिंह राजपूत ने किया और अंत में आभार मंजू राजपूत ने व्यक्त किया।

अशासकीय विद्यालय में हुआ कार्यक्रम आयोजित

बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं कद्रे, हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस शहर की सामाजिक संस्था स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान एवं मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन ने शहर के साहित्यकार, शिक्षाविद् मानवतावादी चिंतक एलबीएस कालेज में हिन्दी साहित्य के प्राध्यापक दिनकर कद्रे 'सजल' का आजादी पर्व के अवसर पर प्रशस्ति पत्र भेंट कर एक निजी स्कूल में सम्मान किया गया। इस अवसर पर मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रांतीय संयोजक डॉ. ऐके जैन कहा कि शहर के प्रेरक व्यक्तित्व दिनकर कद्रे प्राध्यापक लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय साहित्य सृजक के साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। जिनका व्यक्तित्व और कृतित्व दधिचि की तरह शिक्षा, ज्ञान और प्रेरक के रूप में समाज की युवा पीढ़ी को निरंतर शिक्षित करता रहा है। इस अवसर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के संयोजक सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि कद्रे पिछले पैंतीस वर्षो से शिक्षक, शिक्षाविद् और भाषाविद् के रूप में समाज की सेवा में संलग्न हैं। लेखक, कवि और व्यंग्यकार के रूप में आध्यात्मिक, सामाजिक और राजनीतिक लेखन कर जागरुक कर रहे है और लोगों को गुदगुदाने का काम कर रहे हैं। वह प्रदेश के बीना, सागर, इन्दौर, भोपाल, सीहोर और विदिशा में श्रेष्ठ सृजनात्मक पत्रकारिता के जरिए शहर के नाम को गौरवान्वित करते रहे हैं। समाज, कला, संगीत, साहित्य, संस्कृति, प्रकृति प्रेम और मानवता के लिए सृजन कार्य में सतत् समर्पित रहे हैं। हम सामाजिक संस्था के रूप में दिनकर कद्रे 'सजल' को जीवन के विविध क्षेत्रों में योगदान के लिए सम्मानित कर गौरवान्वित है। इस अवसर कमलदीप अकादमी के डायरेक्टर निर्मल जैन, मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, संस्था प्राचार्य सत्यम शर्मा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हर घर तिरंगा समारोह आयोजित

गंजबासौदा। बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में नगर के सृजन शील रचनाकारों ने उत्साह के साथ हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा आयोजन को समारोह की पूर्वक मनाया। भारतीय संस्कृति के गौरव गान में युवा कवि पंकज नामदेव द्वारा झंडा वंदन किया गया। इस अवसर साहित्यकार संघ संरक्षक चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा तिरंगे के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान प्रोफेसर ऋषभ कुमार, डॉक्टर महेंद्र प्रताप मेहता, राकेश जैन, ऋषभ जैन, ओपी प्रजापति, अशोक शाह पेंटर, कमलेश बंसल, अनिल त्रिपाठी,राजेश, वेदराज, निहाल सिंह पंथी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव सहित सभागार में मौजूद नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने इस महा महोत्सव में मौजूद रहे।

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित उदयपुर (महोली)

पंजीयन क्रमांक-14285/10.02.1962 दिनांक 18.08.2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीयप्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-उदयपुर (महोली) के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 05/09/2026दिन शनिवार को समय दोपहर 12:00 बजे स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन-उदयपुर में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जावेंगे। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सतीश कुमार चौधरी
समिति प्रबंधक गोपाल प्रसाद शर्मा

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरेठ, शाखा- उदयपुर

पंजीयन क्रमांक-782/10.02.1962 दिनांक 18.08.2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीयप्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-बरेठ के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 05/09/2026दिन शनिवार को समय दोपहर 01:30स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन- बरेठ में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जावेंगे। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सतीश कुमार चौधरी
समिति प्रबंधक हेमंत सिंह रघुवंशी

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बाबली, शाखा- उदयपुर

पंजीयन क्रमांक-315/27.01.1963 दिनांक 18.08.2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीयप्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-बाबली के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 03/09/2026दिन गुरुवार को समय दोपहर 12:00 बजे स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन-बाबली में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जावेंगे। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सतीश कुमार चौधरी
समिति प्रबंधक योगेन्द्र चौहान

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सुनारी, शाखा- उदयपुर

पंजीयन क्रमांक-8442/11.01.1963 दिनांक 18.08.2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीयप्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-सुनारी के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 03/09/2026दिन गुरुवारको समय दोपहर 01:30 बजे स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन-भाट्नी में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जावेंगे। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सतीश कुमार चौधरी
समिति प्रबंधक अमित रघुवंशी

नवागढ़ तीर्थ में राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन के दौरान विभूतियों का सम्मान...

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को 'समाज रत्न', पूर्व विधायक सुनील जैन को 'युवक रत्न'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऐतिहासिक एवं अतिशय क्षेत्र नवागढ़ तीर्थ में आयोजित राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन के अवसर पर जैन समाज, पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में देश और समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को विभिन्न उपाधियों से नवाजा गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को समाज रत्न, पूर्व विधायक सुनील जैन को युवक रत्न, ब्रह्मचारी भैया जय निषांत जी को तीर्थ क्षेत्र रत्न तथा भरत सेठ को आईजा रत्न की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह नवागढ़ तीर्थ क्षेत्र में विराजमान मुनि श्री 108 मंगलानंद सागर महाराज एवं मुनि श्री मंगल सागर महाराज के सान्निध्य तथा ब्रह्मचारी भैया जय निषांत जी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार के नीति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना जैन, पूर्व मंत्री एवं विधायक यादवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन रायपुर, कमल जैन झांसी, श्रीमती निधि जैन सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी एवं जैन समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

नवागढ़ में छुपे हैं जैन इतिहास के अनेक अनछुए आयाम

मुनि श्री मंगल सागर महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि नवागढ़ क्षेत्र ने जैन इतिहास के न जाने कितने महत्वपूर्ण आयामों को अपने भीतर संरक्षित कर रखा है। अभी इस गौरवशाली इतिहास का केवल एक छोटा हिस्सा ही सामने आ पाया है, जबकि अनेक महत्वपूर्ण तथ्य और ऐतिहासिक आयामों का उद्घाटन होना अभी शेष है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के इतिहास, पुरातात्विक महत्व एवं धार्मिक विरासत को गंभीरता से समझने और संरक्षित करने की आवश्यकता है।

इंदौर में होगा आईजा का राष्ट्रीय सम्मेलन, कई विभूतियां सम्मानित



'पत्रकार निर्भीक और निष्पक्ष होकर करें कार्य'

भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। पत्रकारों को निष्ठा, सजगता और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन के दबाव या भय से प्रभावित हुए बिना पत्रकारों को सत्य के पक्ष में अपनी लेखनी चलानी चाहिए। उन्होंने भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक परिवेश के संरक्षण एवं उन्नयन में पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक और जिम्मेदार पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी सशक्त माध्यम है।

नवागढ़ के विकास के लिए सभी को मिलकर करना होगा प्रयास

टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि उनका नवागढ़ तीर्थ से जुड़ाव वर्ष 1985 से है। उन्होंने कहा कि नवागढ़ में आयोजित गजरथ महोत्सव के दौरान पंडित गुलाबचंद जी पुष्प के सान्निध्य में उन्हें इस क्षेत्र से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ब्रह्मचारी निषांत भैया जी समय-समय पर उन्हें नवागढ़ के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर प्रदान करते हैं। भगवान के दर्शन और इस पवित्र भूमि पर आने से उन्हें अभूतपूर्व शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि मीडिया, प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज के लोगों को आपसी समन्वय एवं सद्भाव के साथ नवागढ़ के विकास की व्यापक योजना तैयार करनी चाहिए, ताकि भारतीय संस्कृति के उद्घोषक इस महत्वपूर्ण क्षेत्र का राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके।

जैन सिद्धांतों के माध्यम से समाज को नई दिशा दें

भारत सरकार के नीति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना जैन ने कहा कि शासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जैन धर्म के सिद्धांतों को व्यापक स्तर पर समाज तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शाकाहार, अहिंसा, जीव दया तथा मूक पशुओं की चिकित्सा और भरण-पोषण जैसे कार्यों को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने नवागढ़ गुरुकुलम के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार एवं सम्मान योजनाएं संचालित करने का सुझाव दिया, जिससे विद्यार्थियों में अनुशासन, शिक्षा और संस्कारों के प्रति रुचि विकसित हो सके।

हजारों वर्ष पुराना इतिहास समेटे हुए है नवागढ़

ब्रह्मचारी भैया जय कुमार निषांत ने नवागढ़ के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अतिशय क्षेत्र हजारों वर्ष प्राचीन शैलाश्रयों, जैन दर्शन से जुड़े रहस्यमय शैलचित्रों तथा गुप्तकाल, प्रतिहारकाल एवं चंदेलकाल के इतिहास को अपने भीतर समेटे हुए है। उन्होंने बताया कि नवागढ़ के प्राचीन नंदपुर का उल्लेख अहार जी के मूलनायक एवं पपौरा की प्रतिमाओं से जुड़े ऐतिहासिक विवरणों में भी मिलता है।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा युवाओं और पत्रकारों को बनना होगा समाज परिवर्तन का माध्यम

वहीं युवक रत्न की उपाधि से सम्मानित पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके जागरूक युवाओं में निहित होती है। युवा यदि संस्कार, शिक्षा, सामाजिक सरोकार और अपनी सांस्कृतिक विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ें तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की चेतना और जनभावनाओं की सशक्त आवाज है। पत्रकारों को सत्य, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि युवा और पत्रकार दोनों मिलकर समाज की अच्छाइयों को सामने लाएं, समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करें और भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि नवागढ़ जैसा ऐतिहासिक और धार्मिक क्षेत्र केवल जैन समाज की धरोहर नहीं, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक संपदा है। इसके संरक्षण, विकास और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए समाज, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और मीडिया को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

इंदौर में होगा आईजा का राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन

नवागढ़ तीर्थ क्षेत्र में आईजा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व विधायक सुनील जैन, श्रीमती निधि जैन, नीति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना जैन, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन रायपुर, कमल जैन झांसी सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्यजन मौजूद रहे। बैठक में आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बताया कि आगामी माह में मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में इंदौर में आईजा के राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में देशभर से जैन पत्रकार शामिल होंगे। राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया के निर्देशन में किया जाएगा। राजीव जैन सैनानी ने बताया कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए शीघ्र ही आईजा की प्रदेश कार्यकारिणी के अंतर्गत जिला एवं ब्लॉक स्तर पर भी संगठनात्मक गठन किया जाएगा।

डिजिटल मीडिया से जैन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत

वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन रायपुर ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता लगभग 200 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी कर चुकी है और आज पत्रकारिता एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया की भूमिका तेजी से बढ़ी है और इसे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों के जरिए जैन धर्म के विचार, भगवान महावीर के सिद्धांत, अहिंसा का संदेश और जिनवाणी को देश-दुनिया के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। पारंपरिक पत्रकारिता और आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के समन्वय से समाज एवं धर्म की सकारात्मक विचारधारा को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। वरिष्ठ पत्रकार कमल जैन झांसी ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया के सामने कई चुनौतियां हैं। पत्रकारों और समाज के श्रेष्ठी वर्ग को सजग रहकर भ्रामक स्थितियों से समाज को बचाने का प्रयास करना चाहिए।

त्योहारों के मद्देनजर कार्रवाई, सड़क पर लगी राखी-रुमाल की दुकानें हटाईं

सागर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आमजन को खरीदारी के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नगर पालिक निगम सागर द्वारा पुलिस प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार की गई कार्रवाई के दौरान मस्जिद चौराहे से राधा तिराहा तक सड़क के दोनों ओर सड़क पर लगी राखी एवं रुमाल की दुकानों को हटाया गया। साथ ही सड़क एवं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई।नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा फुटपाथ व्यापारियों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई कि वे सड़क पर दुकानें लगाकर यातायात एवं आमजन की आवाजाही में बाधा उत्पन्न न करें। दुकानदारों को हिदायत दी गई कि यदि दोबारा सड़क पर दुकान लगाई गई तो नियमानुसार सामग्री जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। राजकुमार खत्री के सख्त निर्देश हैं कि त्योहारों के दौरान कटरा बाजार में विशेष रूप से मस्जिद चौराहे के आसपास किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा आम नागरिकों को सुगम यातायात एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसी के तहत नगर निगम, पुलिस प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है।



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद, जिला-विदिशा (म.प्र.)

प्रकरण कमांक 0029 / अपील 2026-27

रामस्वरूप पुत्र मुंशीलाल
निवासी - ग्राम भरनाखेडा
..... अपीलांट
बनाम
मार्या सिद्धिकी पत्नी उमर अहमद
निवासी पत्रकार कॉलोनी हाथीखाना भोपाल
..... उत्तरवादीगण

:: सूचना हेतु विज्ञप्ति ::

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है, कि अपीलांट रामस्वरूप पुत्र मुंशीलाल निवासी ग्राम भरनाखेडा के द्वारा अधिनस्थ न्यायालय की नामांतरण पंजी कमांक 04 आदेश दिनांक 15.01.2008 प्रमाणित आदेश दिनांक 30.01.2008 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। अपील प्रकरण में आगामी तिथि दिनांक 25.08.2026 नियत है।

अतः आप नियत दिनांक को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 18.08.2026 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
शमशाबाद







बस किराया बढ़ोतरी के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया चक्काजाम

सागर-भोपाल राज मार्ग पर लगा लंबा जाम, यात्री वाहनों में फंसे परेशान हुई आमजनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रदेश सरकार द्वारा यात्री वाहनों में दो रुपए प्रति किमी किराए में बढ़ोतरी का विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर मंगलवार को सुबह ग्यारह बजे बस किराए में हुई बढ़ोतरी के विरोध में पाटनदेव स्थित सागर भोपाल स्टेट हाईवे पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने रायसेन में चक्काजाम कर दिया। कार्यकर्ताओं ने सागर-भोपाल राज मार्ग पर स्वामी विवेकानंद पीएम श्री कॉलेज के सामने सड़क पर बैठकर बढ़ा हुआ बस किराया वापस लेने की मांग की। सूचना मिलते ही जिला युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह सोलंकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ देवेंद्र सिंह धाकड़ , युवा नेता राजकुमार मीणा सहित एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की टीम पाटनदेव पहुंची।चक्काजाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और घण्टों यातायात प्रभावित रहा।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम मनीष शर्मा और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा आरटीओ रीतेश कुमार तिवारी भी मौके पर पहुंचे और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से बातचीत शुरू की। जिला प्रशासन की ओर से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को समझाइश देकर यातायात बहाल कराने का प्रयास किया गया ।





किराया बढ़ोतरी वापस लेने की मांग पर अड़े....

एनएसयूआई कार्यकर्ता बस किराए में की गई बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि बस किराया बढ़ने से छात्र-छात्राओं और रोजाना बसों से सफर करने वाले लोगों की जेबों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बढ़ा हुआ किराया वापस लेने की मांग को लेकर चक्काजाम किया और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही।

दोनों तरफ लगी वाहनों की कतार....

पीएमश्री कॉलेज पाटनदेव के सामने चक्काजाम होने से सागर-भोपाल राजमार्ग पर यातायात थम गया। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चक्काजाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। फिलहाल एसडीएम श्री शर्मा और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा की एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से बातचीतभी हुई प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को समझाने और सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराने का प्रयास गया ।जबकि एनएसयुआई कार्यकर्ता बढ़ा हुआ बस किराया वापस लेने की मांग पर अड़े हुए हैं। मामले को लेकर मौके पर प्रशासन और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच बातचीत जारी रही।

अभिभावकों से मिलेंगे शिक्षक, बताएंगे हाजिरी के हालचाल

छात्रों की ऑनलाइन अटेंडेंस शुरू नहीं, कम उपस्थिति पर बिगड़ा ढर्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों की ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था अब तक शुरू नहीं हो सकी है। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई), भोपाल की ओर से विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। लेकिन रायसेन जिले के अधिकांश स्कूलों में अभी इस व्यवस्था के तहत अटेंडेंस दर्ज नहीं की जा रही है। ऐसे में स्कूलों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की ऑनलाइन निगरानी शुरू नहीं हो पाई है। जिला शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की प्रतिदिन की उपस्थिति एजुकेशन पोर्टल पर दर्ज की जानी है। स्कूल में उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति और अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को अनुपस्थित दर्ज करना होगा। इससे विभाग के स्तर पर यह जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी कि किस स्कूल में कितने विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षाओं में पहुंच रहे हैं और किन विद्यार्थियों की उपस्थिति लगातार कम है।

कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों पर रहेगी नजर....

ऑनलाइन अटेंडेंस शुरू होने के बाद कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को चिह्नित करना आसान होगा। लगातार स्कूल से अनुपस्थित रहने वाले या कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों की जानकारी सामने आने के बाद शिक्षक ऐसे छात्रों पर विशेष नजर रखेंगे। आवश्यकता पड़ने पर शिक्षक संबंधित विद्यार्थियों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित करेंगे। जिला शिक्षा विभाग का मानना है कि कई बार विद्यार्थी लगातार स्कूल नहीं आते हैं।लेकिन समय पर इसकी जानकारी अभिभावकों तक नहीं पहुंच पाती। ऑनलाइन अटेंडेंस के माध्यम से विद्यार्थियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड नियमित रूप से उपलब्ध रहेगा। इससे स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को भी ऐसे विद्यार्थियों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जिनकी उपस्थिति लगातार कम है।



एजुकेशन पोर्टल पर दर्ज होगी हर दिन की उपस्थिति....

ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था का उद्देश्य स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति को पारदर्शी बनाना और नियमित निगरानी करना है। इसके लिए शिक्षकों को एजुकेशन पोर्टल का उपयोग करना होगा। रोजाना स्कूल आने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज होने के बाद विभाग के अधिकारी भी विद्यार्थियों की उपस्थिति की स्थिति देख सकेंगे। वर्तमान में यह प्रक्रिया रायसेन जिले में शुरू नहीं हो पाने से स्कूलों में पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ही विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्कूलों के प्राचार्यों को ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था शुरू करने के संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं। तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे सभी संबंधित स्कूलों में लागू किया जाएगा।

प्राचार्यों को दिए जा चुके निर्देश...

जिले के शासकीय स्कूलों में ऑनलाइन अटेंडेंस व्यवस्था लागू करने के लिए प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा विभाग का प्रयास है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज हो और इसकी नियमित निगरानी की जा सके। इससे विद्यार्थियों की स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के साथ पढ़ाई में उनकी नियमितता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। फिलहाल जिले में ऑनलाइन अटेंडेंस शुरू नहीं हो पाने के कारण विभागीय स्तर पर विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति का नियमित डाटा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। अब विभाग जल्द ही व्यवस्था शुरू कराने की तैयारी में है।

इनका कहना है

ऑनलाइन अटेंडेंस अभी नहीं लग पा रही है। प्राचार्यों को इस संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं। जल्द ही कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों की ऑनलाइन अटेंडेंस लगनी शुरू हो जाएगी। इसके बाद विद्यार्थियों की उपस्थिति की नियमित निगरानी की जाएगी। कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से भी संपर्क किया जाएगा।

डीडी रजक, जिला शिक्षा अधिकारी, रायसेन

किसानों, व्यापारियों और हम्मालों से जानी समस्याएं

किसानों की सुविधाओं को लेकर आयुक्त सह प्रबंध संचालक ने बरेली मंडी का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

मंडी बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक श्री कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी समिति बरेली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं को मौके पर देखा और किसानों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान श्री पुरुषोत्तम ने किसानों, व्यापारियों, हम्मालों एवं तुलावटियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि किसानों को सरल, पारदर्शी और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना मंडी बोर्ड की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को किसान हित को केंद्र में रखते हुए व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।



उन्होंने ई-मंडी एवं ई-नाम प्रणाली, ई-नाम लैब, पेमेंट काउंटर, कृषक विश्राम गृह, कैंटीन, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता एवं सूचना प्रसारण व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही नीलामी शेड, सीसी रोड, शौचालय, 10 मेट्रिक टन क्षमता के इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे तथा प्रस्तावित ग्रेडिंग एवं क्लीनिंग प्लांट के लिए चिह्नित स्थल का भी अवलोकन किया।

मंडी परिसर में अतिरिक्त प्रवेश एवं निकास मार्ग, सीसी कार्य तथा विभिन्न भवनों एवं संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने मंडी कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्डों की उपस्थिति तथा ड्रेस कोड का भी जायजा लिया। इस अवसर पर मंडी की सचिव श्रीमती ऋतु गढ़वाल, अधीक्षण यंत्री मधुकर पवार, कार्यपालन यंत्री एस.सी. गोयल, सहायक यंत्री आनंद योगी, उपयंत्री एनसी जाटव एवं मंडी लेखापाल दीपिका धुर्वे सहित मंडी का स्टाफ उपस्थित रहा।

बहनें बेफिक्र होकर भेज रहीं राखियां, डाकघरों में बढ़ी चहल-पहल



रायसेन। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनों में उत्साह नजर आने लगा है। दूर शहरों और जिलों ,दूसरे राज्यों में रहने वाले भाइयों तक राखियां पहुंचाने के लिए बहनें अब बेफिक्र होकर डाकघरों का रुख कर रही हैं। रायसेन शहर सहित जिलेभर के डाकघरों में राखी भेजने के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। बहनें रंग-बिरंगी राखियों के साथ मिठाई और शुभकामना संदेश भी भाइयों को भेज रही हैं। डाक विभाग ने भी रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए राखियों की सुरक्षित और समय पर डिलीवरी के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। बहनों का कहना है कि भाई भले ही उनसे दूर हों। लेकिन राखी के जरिए रिश्ते की डोर हमेशा मजबूत बनी रहती है। कई बहनें समय से पहले ही राखियां पोस्ट कर रही हैं, ताकि पर्व के दिन तक वे भाइयों तक पहुंच जाएं। महिलाओं ने बताया कि अब ऑनलाइन खरीदारी और डिजिटल माध्यम बढ़ने के बावजूद राखी भेजने की परंपरा का अपना अलग महत्व है। अपने हाथों से चुनी राखी को डाक के जरिए भाई तक भेजने का भाव ही अलग है। दूर रहने वाले भाई-बहनों के लिए डाक सेवा आज भी रिश्तों को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनी हुई है। वहीं बहनें वॉटरप्रूफ लिफाफे खरीदकर उनमें अपने प्यारे भाइयों के लिए राखियां रख कर भिजवा रही है।

शासकीय हाई स्कूल शिवतला में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

शासकीय हाई स्कूल शिवतला में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत शिवतला के उपसरपंच शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार साहू ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ अनुभा श्रीवास्तव, भारती साहू, सुश्री सुरभि ठाकुर एवं होशियार सिंह धाकड़ सहित छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के समापन के बाद छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया तथा उनके लिए विशेष भोज का आयोजन भी किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।



संदीपनि विद्यालय भवन की सुस्त रफ्तार से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

संदीपनी विद्यालय के नवीन भवन निर्माण में हो रही देरी ने मंगलवार को विद्यार्थियों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं का आक्रोश सड़क पर ला दिया। लंबे समय से निर्माण की धीमी रफ्तार से परेशान छात्र.छात्राओं ने निर्माणाधीन भवन में धरना देकर जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भवन निर्माण में अनावश्यक देरी से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। एबीवीपी के नेतृत्व में चल रहे धरना प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम अलका सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने आंदोलनकारियों और निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों से चर्चा की। इसके बाद निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों ने एसडीएम को लिखित आश्वासन सौंपते हुए आगामी 15 सितंबर तक भवन निर्माण पूरा करने की बात कही। लिखित आश्वासन मिलने के बाद विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया।

एबीवीपी और विद्यार्थियों ने निर्माणाधीन भवन में दिया धरनाए 15 सितंबर तक काम पूरा करने का लिखित आश्वासन



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर शिक्षक रेवक सिंह ठाकुर सम्मानित

बाड़ी। आदर्श पुरविया राजपूत समाज जागृति समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर शासकीय हाई स्कूल मनकापुर के शिक्षक रेवक सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया। समिति द्वारा आयोजित सामाजिक प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में बताया गया कि शासकीय हाई स्कूल मनकापुर द्वारा लगातार विगत तीन वर्षों से कक्षा दसवीं का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान एवं विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षक रेवक सिंह ठाकुर को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों की सराहना करते हुए उनके योगदान को समाज एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। रेवक सिंह ठाकुर के सम्मानित होने पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।



नर्मदा जल से हुआ शिव जी का अभिषेक सावन सोमवार की महिमा का वर्णन

नर्मदा जल लेकर बापौली धाम शिव मंदिर पहुंची कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सावन माह के तीसरे सोमवार को नगर सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र शिव भक्ति में डूबा रहा। श्री परशुराम सेना एवं अन्य शिव भक्तों द्वारा नर्मदा जल लेकर बापौली धाम शिव मंदिर, भागदेही ,जामगड पहुंचे। श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा जल से भगवान शंकर का अभिषेक और विशेष पूजन किया गया।

सोमवार को नगर के शिवालयों के साथ शिव बापौली धाम ,जामगड, भगदेही के शिव मंदिरों में शिव भक्त नर नारियों युवाओं युवतियों की प्रातः से अभिषेक पूजन करने भीड़ का माहौल बना रहा। बापौली धाम में नर्मदा तट मांगरोल से प्रारंभ हुई श्री परशुराम सेना की कांवड़ यात्रा का समापन हुआ। बापौली शिव मंदिर प्रांगण में कावड़ यात्रा में सम्मिलित युवाओं महिलाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्र से आए शिव भक्तों को पूज्य संत जम्मू वाले लाल बाबा जी एवं अन्य साधु संतों के सानिध्य दर्शन और प्रवचन सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। श्रावण सोमवार शिव की महिमा आराधना रुद्री निर्माण शिव पूजन अभिषेक की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया, कहा कि भोले शंकर शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं। सावन का महीना शिव जी को अति प्रिय है। शिव भक्ति में रहा माहौल- श्रावण के तीसरे सोमवार को नगर के शिवालयों एवं बापौली धाम, जामगड, भगदेही में जिस भारी संख्या में शिव भक्तों की भारी भीड़ रही ।दर्शन और अभिषेक करने भारी उत्साह के साथ बम बम भोले के जयकारे गूंजते रहे और शिव भक्तिमय माहौल बना रहा।



60 फीट ऊंचे झरने और 'ब्लू वाटर' का जादू, लेकिन जोखिम भी कम

रायसेन जिले में 'मिनी पचमढ़ी' बना पर्यटकों की पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

रायसेन जिले में भले ही बारिश की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ गई हो, लेकिन प्राकृतिक झरनों के फिर से जीवंत हो उठने से क्षेत्र के पर्यटन स्थलों पर रौनक लौट आई है। हलाली डैम के पास स्थित प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर 'मिनी पचमढ़ी' (छोटी पचमढ़ी) इन दिनों सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रायसेन से लगभग 35 किलोमीटर और राजधानी भोपाल से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित यह स्थल वीकेंड पर परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए पसंदीदा स्थान बन चुका है। विदिशा, भोपाल और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने पहुँच रहे हैं।

60 फीट से गिरता झरना और अद्भुत 'ब्लू वाटर'--

मिनी पचमढ़ी का सबसे बड़ा आकर्षण यहाँ का प्राकृतिक वातावरण और 60 फीट की ऊँचाई से चट्टानों के बीच गिरता पानी का झरना है। हरी-भरी पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा यह स्थल सैलानियों को पचमढ़ी जैसा एहसास कराता है। यहाँ की एक बेहद खास विशेषता इसका 'ब्लू वाटर' है—ऊँचाई से गिरते समय झरने का पानी पूरी तरह सफेद दिखाई देता है, लेकिन नीचे कुंड में एकत्र होते ही इसका रंग गहरा नीला नजर आने लगता है। इस मनमोहक दृश्य और प्राकृतिक शांति का आनंद लेने के लिए रविवार और छुट्टियों के दिनों में यहाँ भारी भीड़ उमड़ रही है।



सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, खतरनाक रास्तों पर प्रतिबंध

सैलानियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने मिनी पचमढ़ी क्षेत्र में पुलिसकर्मियों व सुरक्षा गार्डों की तैनाती की है। हादसे की आशंका वाले संवेदनशील स्थानों और झरने तक जाने वाले कुछ मुख्य रास्तों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। बारिश के मौसम में चट्टानें और संकरे रास्ते अत्यधिक फिसलन भरे हो जाते हैं। इसके साथ ही, कई स्थानों पर पानी की गहराई और तीव्र ढलान जानलेवा साबित हो सकती है।

चेतावनी को दरकिनार कर जान जोखिम में डाल रहे सैलानी

प्रशासन की सख्ती और चेतावनियों के बावजूद पर्यटकों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। घना जंगल होने के कारण मिनी पचमढ़ी पहुँचने के कई छोटे-बड़े कच्चे रास्ते बने हुए हैं। मुख्य मार्ग बंद होने के बाद भी कई लोग चोरी-छिपे और अवैध जंगल के रास्तों का सहारा लेकर झरने तक पहुँच रहे हैं। सुरक्षा बलों की रोक-टोक और चेतावनी को अनदेखा कर लोग गीली पहाड़ियों से नीचे उतरते हैं और पानी के बिलकुल पास चले जाते हैं।

अतीत के हादसों से भी सबक नहीं ले रहे लोग

मिनी पचमढ़ी में पिछले कुछ वर्षों के दौरान कई गंभीर हादसे दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें कई सैलानियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इसके बावजूद, केवल एक फोटो या रील बनाने के चक्कर में लोग सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर रहे हैं। थोड़ी सी असावधानी और लापरवाही यहाँ जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासन ने सैलानियों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करें, सुरक्षा नियमों का पालन करें और जिम्मेदार पर्यटन का परिचय दें।